प्रेषक,

शरद कुमार चौधरी,
विशेष अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
अधोध्या प्रकरणा, लखनऊ।
आई.डी.1842

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
लखनऊ।

विषयः— पुत्र के इन्टरमीडियेट / 12वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के आधार पर एक वर्ष का लखनऊ जनपद में ही स्टे प्रदान करने के संबंध में।

महोदय,

माननीय महोदय से सादर निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या—23 Admin(Services)/2019, दिं0 सितम्बर 23, 2019 के द्वारा वार्षिक स्थानान्तरण के संदर्भ में प्रत्यावेदन मांगा गया है। प्रार्थी का स्थानान्तरण जनपद लखनऊ से होना प्रस्तावित है। महोदय प्रार्थी का पुत्र लखनऊ के द मिलेनियम स्कूल, साउथ सिटी में अध्ययनरत् है तथा वर्ष 2020—21 में सी.बी.एस.सी. के 12वीं बोर्ड में की परीक्षा देगा। प्रार्थी के पुत्र मैत्रेय चौधरी का सी.बी.एस.सी.की 12वीं की परीक्षा के लिए इसी विद्यालय से वर्ष 2020—21 हेतु पंजीकरण हुआ है। (विद्यालय से प्राप्त प्रमाणपत्र संलग्न) प्रार्थी की माता जी का कैंसर का इलाज लखनऊ में चल रहा है, प्रार्थी को यदि एक वर्ष के लिए लखनऊ जनपद में ही रूकने की अनुमति मिलती है तो प्रार्थी की माताजी के इलाज में सुविधा होगी। प्रार्थी का पुत्र मैत्रेय चौधरी जो कि प्रार्थी की एकमात्र संतान है, एक मेधावी छात्र रहा है उसने इसी विद्यालय में अध्ययन करते हुए वर्ष 2018—19 में 10वीं बोर्ड की सी.बी.एस.सी. द्वारा संचालित परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे।(अंकपत्र संलग्न), यदि प्रार्थी का वार्षिक स्थानान्तरण अप्रैल 2020 में लखनऊ से अन्यत्र जनपद होता है तो प्रार्थी के पुत्र के अध्ययन पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है। ऐसी स्थिति में यदि प्रार्थी को लखनऊ मे ही एक वर्ष का स्टे प्रदान किया जाता है तो प्रार्थी के पुत्र की शिक्षा एवं भविष्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव से उसे बचाया जा सकेगा।

अतः माननीय न्यायालय से विनम्र प्रार्थना है कि उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सहानुभूतिपूर्वक विचार कर प्रार्थी का स्थानान्तरण एक वर्ष के लिए स्थगित करने की कृपा की जाये।

प्रार्थी एंव प्रार्थी का परिवार महोदय का आजीवन आभारी रहेगा।

भवदीय,
SKChaudhary

दिनांकः 22—11—19

(शरद कुमार चौधरी)
विशेष अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट
अधोध्या प्रकरण, लखनऊ।
आई.डी.—1842

संलग्नक

1—विद्यालय से प्राप्त प्रमाणपत्र
2—मैत्रेय चौधरी का 10वीं बोर्ड का अंकपत्र